**2 0 1 9**

HINDI

( Honours )

Paper : HIN-HC-1026

**( हिन्दी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) कौन आधुनिक हिन्दी साहित्य के जनक कहलाते हैं?

(ख) आचार्य शुक्ल ने किस संवत् को आधुनिक काल की प्रारंभिक सीमा के रूप में स्वीकार किया है?

(ग) 'नासिकेतोपाख्यान' के रचयिता कौन हैं?

(घ) कवि बदरीनारायण चौधरी का साहित्यिक उपनाम क्या है?

(ङ) गोल्डस्मिथ की कविता 'द डेज़र्टेड विलेज' का अनुवाद श्रीधर पाठक ने किस नाम से किया है?

(च) जयशंकर प्रसाद-कृत 'आँसू' खण्डकाव्य का प्रकाशन-काल क्या है?

(छ) कवि नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है?

(ज) 'कनुप्रिया' काव्य-कृति के कवि कौन हैं?

(झ) कवि धूमिल को किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(ञ) कविवर अज्ञेय को उनकी किस काव्य-रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) 'आधुनिकता' का तात्पर्य बताइए।

(ख) भारतेन्दुयुगीन कविता की एक प्रवृत्ति 'देशानुराग-व्यंजक भक्ति-भावना' क्या है?

(ग) 'समस्यापूर्ति' काव्य-शैली की विशेषता क्या है?

(घ) कवयित्री सुभद्राकुमारी चौहान द्वारा विरचित किन्हीं दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) 'प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन' की भारतीय शाखा का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था? इसके अध्यक्ष कौन थे?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) द्विवेदीयुगीन कविता की एक प्रमुख प्रवृत्ति 'राष्ट्रीयता का स्वरूप' स्पष्ट कीजिए।

(ख) आधुनिक हिन्दी कविता को 'हरिऔध' जी की देन पर प्रकाश डालिए।

(ग) महादेवी वर्मा को 'आधुनिक युग की मीराँ' क्यों कहा जाता है?

(घ) प्रगतिवादी कवि के रूप में गजानन माधव 'मुक्तिबोध' का परिचय दीजिए।

(ङ) 'समकालीन कविता' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(च) खड़ीबोली गद्य का विकास छायावाद-युग में किस प्रकार हुआ था?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) आधुनिककालीन राजनीतिक परिस्थिति पर प्रकाश डालिए।

(ख) छायावादी काव्य-धारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(ग) छायावादी काव्य-धारा को 'निराला' जी की देन पर आलोकपात कीजिए।

(घ) नयी कविता की सामान्य प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए।

(ङ) स्वतंत्रता के बाद खड़ीबोली गद्य का विकास किस प्रकार से हुआ है? सम्यक् लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

(च) समकालीन हिन्दी कविता को धूमिल के योगदान पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(छ) प्रगतिवाद और प्रयोगवाद के पारस्परिक अंतर को रेखांकित कीजिए।

(ज) भारतेन्दुयुगीन खड़ीबोली गद्य का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

★★★